# मध्यप्रदेश विधान सभा

## संक्षिप्त कार्य विवरण (पत्रक भाग-एक)

### गुरुवार, दिनांक 9 जनवरी, 2014 (पौष 19,1935)

**विधान सभा पूर्वाह्न 10 : 35 बजे समवेत हुई.**

**सामयिक अध्यक्ष महोदय (श्री के.डी. देशमुख) पीठासीन हुए.**

### 1. श्री सत्यदेव कटारे, सदस्य को नेता प्रतिपक्ष मनोनीत करने पर बधाई.

सर्वश्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री तथा कैलाश विजयवर्गीय, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री द्वारा श्री सत्यदेव कटारे, सदस्य विधान सभा को नेता प्रतिपक्ष मनोनीत किये जाने पर बधाई देते हुए स्वागत भाषण दिया गया.

### 2. शपथ / प्रतिज्ञान

अध्यक्ष महोदय ने घोषणा की कि जिन माननीय सदस्यों ने शपथ नहीं ली है या प्रतिज्ञान नहीं किया है, वे शपथ लेंगे या प्रतिज्ञान करेंगे, सदस्यों की नामावली में हस्ताक्षर करेंगे और सभा में अपना स्थान ग्रहण करेंगे. तदनुसार, आज 29 माननीय सदस्यों द्वारा शपथ ग्रहण / प्रतिज्ञान किया गया तथा सदस्य नामावली में हस्ताक्षर किये गये.

### 3. अध्यक्ष का निर्वाचन

सामयिक अध्यक्ष महोदय द्वारा घोषणा की गई कि अध्यक्ष पद के निर्वाचन के लिए प्रस्ताव की चार सूचनाएं दिनांक 8 जनवरी, 2014 को मध्याह्न 12.00 बजे तक प्राप्त हुई हैं. तदनुसार:-

(1) श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री ने प्रस्ताव किया कि:-

'डॉ. सीतासरन शर्मा, जो इस विधान सभा के सदस्य हैं, को विधान सभा का अध्यक्ष चुना जाये.'
डॉ. नरोत्तम मिश्रा, संसदीय कार्य मंत्री ने प्रस्ताव का समर्थन किया.

(2) द्वितीय सूचना के प्रस्तावक सदस्य, श्री अजय सिंह की अनुपस्थिति में, श्री महेन्द्र सिंह कालूखेड़ा, सदस्य द्वारा मुख्यमंत्री महोदय के प्रस्ताव का समर्थन किया गया.

(3) तृतीय सूचना के प्रस्तावक सदस्य, श्री सत्यप्रकाश सखवार की अनुपस्थिति में, डा. गोविन्द सिंह, सदस्य द्वारा मुख्यमंत्री महोदय के प्रस्ताव का समर्थन किया गया.

(4) श्री कल सिंह भाबर, सदस्य ने प्रस्ताव किया कि:-

'डॉ. सीतासरन शर्मा, जो इस विधान सभा के सदस्य हैं, को विधान सभा का अध्यक्ष चुना जाये.'
श्री सत्यदेव कटारे, सदस्य ने प्रस्ताव का समर्थन किया.

प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ.

सामयिक अध्यक्ष महोदय ने डॉ. सीतासरन शर्मा को सर्वसम्मति से अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित घोषित किया तथा उन्हें अध्यक्षीय आसंदी पर आसीन होने के लिये आमंत्रित किया.

श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री, श्री सत्यदेव कटारे, सदस्य तथा पक्ष-विपक्ष के माननीय सदस्यगण द्वारा डॉ. सीतासरन शर्मा को अध्यक्ष की आसंदी पर आसन ग्रहण कराया गया.

### 4. माननीय अध्यक्ष महोदय का स्वागत.

श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री, सर्वश्री मुकेश नायक, सत्यदेव कटारे तथा महेन्द्र सिंह कालूखेड़ा, सदस्यगण द्वारा डॉ. सीतासरन शर्मा, अध्यक्ष महोदय को उनके निर्वाचन पर बधाई दी गई.

अध्यक्ष महोदय ने उनके प्रति व्यक्त उदगारों के लिए माननीय सदस्यगण के प्रति कृतज्ञता प्रकट की गई.

### 5. मुख्य प्रतिपक्षी दल तथा नेता प्रतिपक्ष की घोषणा.

अध्यक्ष महोदय ने सदन को सूचित किया कि वर्तमान विधान सभा के अन्दर प्रतिपक्ष दलों में इंडियन नेशनल कांग्रेस के सदस्यों की संख्या सबसे अधिक है तथा गणपूर्ति के लिये आवश्यक सदस्य संख्या से अधिक हैं, इसलिए मैं इंडियन नेशनल कांग्रेस को सदन का मुख्य प्रतिपक्षी दल और उसके नेता श्री सत्यदेव कटारे, सदस्य विधान सभा को प्रतिपक्ष का नेता घोषित करता हूँ.

मा. सदस्यगण द्वारा श्री सत्यदेव कटारे को नेता प्रतिपक्ष का आसन ग्रहण कराया गया तथा श्री शिवराज सिंह चौहान, सदन के नेता (मुख्यमंत्री) तथा डॉ. नरोत्तम मिश्रा, संसदीय कार्य मंत्री द्वारा उन्हें बधाई दी गई.

### 6. माननीय नेता प्रतिपक्ष महोदय का स्वागत.

श्री सत्यदेव कटारे, नेता प्रतिपक्ष महोदय द्वारा माननीय सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया गया.

डॉ. नरोत्तम मिश्रा, तथा अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन की ओर से श्री सत्यदेव कटारे, सदस्य को नेता प्रतिपक्ष बनने पर स्वागत भाषण दिया गया.

पूर्वाह्न 11.35 बजे अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को सूचित किया गया कि अब सदन माननीय राज्यपाल महोदय के आगमन की प्रतीक्षा करेगा.

### 7. माननीय राज्यपाल महोदय का अभिभाषण.

मध्याह्न 12.30 बजे श्री रामनरेश यादव, राज्यपाल महोदय का चल समारोह के साथ सभा भवन में आगमन एवं आसन ग्रहण हुआ. राज्यपाल महोदय ने अभिभाषण दिया. अपराह्न 1.20 बजे राज्यपाल महोदय ने चल समारोह के साथ सभा भवन से प्रस्थान किया.

**अध्यक्ष महोदय (डॉ. सीतासरन शर्मा) पीठासीन हुए.**

### 8. राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव की प्रस्तुति.

श्री शंकरलाल तिवारी, सदस्य ने प्रस्ताव प्रस्तुत किया कि:-

'राज्यपाल ने जो अभिभाषण दिया, उसके लिए मध्यप्रदेश की विधान सभा के इस सत्र में समवेत सदस्यगण अत्यन्त कृतज्ञ हैं'

श्री यशपाल सिंह सिसोदिया, सदस्य ने इसका समर्थन किया.

प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ.

अध्यक्ष महोदय द्वारा राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर चर्चा के लिए शनिवार, दिनांक 11 जनवरी, 2014 का समय नियत किया गया. तदनुसार, माननीय सदस्यों द्वारा कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव में संशोधन गुरूवार, दिनांक 9 जनवरी, 2014 को अपरान्ह 4.00 बजे तक विधान सभा सचिवालय में दिये जा सकते हैं.

## 9. कार्य मंत्रणा समिति की घोषणा

अध्यक्ष महोदय द्वारा मध्यप्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमावली के नियम 203 (1) के अधीन कार्य मंत्रणा समिति के लिए निम्नलिखित सदस्यों को वर्ष 2014-2015 की अवधि में सेवा करने के लिए नाम- निर्दिष्ट किया गया :-

1. श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री
2. श्री सत्यदेव कटारे, नेता प्रतिपक्ष
3. श्री बाबूलाल गौर, गृह मंत्री
4. डॉ. नरोत्तम मिश्रा, संसदीय कार्य मंत्री
5. श्री जयंत मलैया, वित्त मंत्री
6. डॉ. गौरीशंकर शेजवार, वन मंत्री
7. श्री गोपाल भार्गव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री
8. श्री कैलाश विजयवर्गीय, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री
9. श्री ज्ञान सिंह, आदिम जाति कल्याण मंत्री
10. सुश्री कुसुम सिंह महदेले, लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी मंत्री
11. श्री केदारनाथ शुक्ल, सदस्य
12. श्री अजय सिंह, सदस्य
13. डॉ. गोविन्द सिंह, सदस्य
14. श्री बाला बच्चन, सदस्य

माननीय अध्यक्ष, मध्यप्रदेश विधान सभा उक्त समिति के सभापति होंगे.

अपराह्न 1.28 बजे विधान सभा की कार्यवाही शुक्रवार, दिनांक 10 जनवरी, 2014 (पौष 20, 1935) के पूर्वाह्न 10.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई.

**भोपाल:**
**दिनांक:- 9 जनवरी, 2014**

**राजकुमार पांडे,**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा**